अमर उजाला 04/02/2024

कर्मचारियों ने हासिल किया कंप्यूटर का ज्ञान

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने एमएस-एक्सेल का उपयोग करके डेटा विश्लेषण पर केंद्रित एक कार्यशाला हुई।

कार्यशाला में कॉलेज के गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरजीत सिंह ने रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभागियों को प्रभावी वर्कशीट बनाने के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न सूत्रों और कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सीमा कंसल ने व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर कंप्यूटर विज्ञान विभाग की प्रमुख उपिंदर कौर और नीलम उपस्थित रहीं। संवाद